रविवार
22 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अब राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन में खान सर करेंगे सहयोग 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

जम्मू के नरवाल में आतंकी बम धमाका, सात लोग घायल

एजेंसी/जम्मू

जम्मू के नरवाल इलाके में आतंकियों ने शनिवार को दो बम धमाके किए, जिसमें 7 लोग घायल हो गए हैं। आतंकियों ने दोनों ही बम धमाके आधे घंटे के अंतराल से किए। स्थानीय पुलिस के मुताबिक विस्फोट में 7 लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर के वार्ड नंबर 7 में पहला धमाका सुबह करीब 11:00 बजे हुआ। इसके ठीक आधा घंटा बाद इसी इलाके में दूसरा धमाका हुआ। पहले विस्फोट की चपेट में आने से 5 लोग घायल हो गए थे। जब दूसरा धमाका हुआ था, उसमें अधिकांश लोगों ने उस क्षेत्र को खाली कर दिया था, इसलिए सिर्फ दो लोगों को हल्की चोट आई। पहले ब्लास्ट के लिए महिंद्रा बोलेरो और दूसरे के लिए शेवरॉन क्रूज का इस्तेमाल किया गया। प्रारंभिक जांच में इन दोनों



धमाकों में स्टिकी बम के इस्तेमाल होने की बात सामने आई है।

डांगरी पार्ट-2 करना चाहते थे आतंकी


अभी तक की जांच में एक और अहम बात सामने आई है। नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर में हुए धमाके से आतंकी डांगरी पार्ट टू करना चाहते थे। दरअसल, वार्ड नंबर 7 में करीब 11:00 बजे पहला धमाका किया और इस धमाके को देखने आई भीड़ और सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आतंकियों ने दूसरा धमाका किया। क्षेत्र के उप मेयर बलदेव सिंह बलोरिया ने कहा, मैंने अधिकारियों से पूछा और उन्होंने मुझे बताया कि जांच के बाद ही वे कह पाएंगे कि विस्फोट दुर्घटनावश हुए थे या उग्रवाद से जुड़े थे। मुझे बताया गया है कि 7 लोग घायल हुए हैं और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

सुरक्षा एजेंसियों का अलर्ट: बता दें कि 26 जनवरी से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने इस बात को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ था कि जम्मू में कभी भी बड़ी वारदात हो सकती है। वहीं दूसरी जम्मू में राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही है। ऐसे में अब राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो सकते हैं।

22 फरवरी को पटना आएंगे अमित शाह

पटना। बीजेपी मिशन 2024 की तैयारी में जुटी है। बिहार में जेडीयू के नाता तोड़ने के बाद बीजेपी अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इस क्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह एक बार फिर से बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पिछले चार महीने में अमित शाह का बिहार का ये तीसरा दौरा होगा। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि 22 फरवरी को पटना में बड़ा और भव्य कार्यक्रम होगा। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित किसान नेता सहजानंद सरस्वती की जयंती के माध्यम से अमित शाह सर्वण समाज को साधने की कोशिश करेंगे। अमित शाह पटना दौरे के क्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

भारत की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाना है : अमित शाह



एजेंसी/नई दिल्ली

- गृह मंत्री ने देशभर के डीजीपी और आईजी के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित
- बोले, देश के 56 शहरों में होंगी जी-20 की 200 बैठकें

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में शुरू हुए देशभर के डीजीपी और आईजी के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि देश में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व के सभी देशों की पुलिस को सीमाओं से आगे बढ़कर मजबूत गठजोड़ बनाना होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले 25 सालों में देश और दुनिया के सामने आने वाली सभी चुनौतियों का आकलन करने और इसके आधार पर भारत की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए रणनीति सुनिश्चित करने और उसे नीचे तक पहुंचाने के लिए ये सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण है।

अमित शाह ने कहा कि विकास के रास्ते में हमारे सामने ढेर सारी चुनौतियां आएंगी और इन सभी चुनौतियों का सामना करने की जिम्मेदारी आंतरिक सुरक्षा संभालने वालों की बनती है। शाह ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और पीएम मोदी ने एक अनूठा प्रयोग किया है कि यह सम्मलेन केवल एक जगह पर न होकर देशभर में होगा। देश के 56 शहरों में जी-20 की 200 बैठकें होंगी। अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाके आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से देश में लंबे समय से हॉटस्पॉट बने हुए हैं। कहा कि इन क्षेत्रों में हमारी नीतियों की सफलता ये बताती है कि हमारे प्रयास ठीक दिशा में हैं और उनके नतीजे भी मिल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आंतकवादी घटनाओं, मौतों की संख्या और आतंकवादियों के वर्चस्व वाले इलाकों में बहुत कमी आई है।

समाधान यात्रा: नीतीश कुमार ने गया के बेला ग्राम का लिया जायजा, दिए निर्देश

जहां पानी कमी है, वहां लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा दें

केटी न्यूज/पटना

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गया जिले के बांके बाजार प्रखंड के बेला ग्राम में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री इस दौरान वहां आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। केंद्र में उपस्थित बच्चों से मुख्यमंत्री ने पढ़ाई तथा वहां उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं से वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बेला ग्राम की बंजर भूमि में किसानों द्वारा की जा रही लेमनग्रास की खेती का जायजा लिया। इस दौरान कृषि विभाग के सचिव एन सरवन कुमार ने बताया कि गया जिले की बंजर भूमि जहां खेती नहीं हो पाती थी, वैसी 100 एकड़ भूमि पर लेमन ग्रास की खेती की गई है। इसके लिए 90 प्रतिशत अनुदान देकर स्प्रिंकल पटवन विधि से पटवन किया जा रहा है। लेमन ग्रास से सोप, सेनेटाइजर, फिनायल इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लेमनग्रास की खेती यहां बहुत अच्छे ढंग से हो रही है। दक्षिण बिहार में जहां भी पानी कमी है वहां लेमनग्रास की खेती को प्रोत्साहित करें, इससे किसानों को काफी फायदा होगा, मजदूरों को रोजगार मिलेगा।



लोगों को मशरूम की खेती के लिए प्रेरित करें

मुख्यमंत्री ने बेलागांव का भ्रमण कर हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली-नाली, ग्रामीण सोलर लाइट योजना का निरीक्षण किया। साथ ही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने सीएम से अपनी-अपनी समस्याओं को रखा, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। जीविका महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को कहा कि मशरूम की खेती के लिए गरीबों को प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उद्यमी योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को दिलाएं।

किसानों की परेशानी दूर करने पर हो रहा काम

जिसे पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन सबका चयन करके राज्य सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। आवास उपलब्ध कराये जाने के साथ लाभुकों को आने-जाने का रास्ता भी उपलब्ध कराया जायेगा ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। आवास के साथ ही उन्हें सभी चीजों की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। लेमन ग्रास को और भी ज्यादा बढ़ावा देना है। किसान अगर किसी चीज का उत्पादन करते हैं तो उसकी बिक्री की भी सुविधा होनी चाहिए। किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो इसको लेकर सरकार काम कर रही है।

निर्देश...नीरा उत्पादकों को हरसंभव मदद करें

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समाधान यात्रा के क्रम में गया जिले के बोधगया प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत इलरा में नीरा उत्पादक समूह द्वारा लगायी गयी नीरा उत्पादन चक्र की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की एक पहल नीरा से आजीविका संवर्द्धन के तहत लगाई गई इस प्रदर्शनी में नीरा उत्पादक समूह द्वारा नीरा से पेड़ा, तिलकुट, लाई सहित बनाये जा रहे अन्य उत्पादों के बनाने की प्रक्रिया के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नीरा से पेड़ा, लाई, तिलकुट आदि तरह-तरह के उत्पाद तैयार हो रहे हैं यह काफी स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। इसका ठीक ढंग से प्रचार-प्रसार कराएं ताकि इनकी आमदनी बढ़ सके। ताड़ के वृक्ष से कई तरह की चीजें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि नीरा उत्पादक बहुत ही बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। इन्हें सरकार की तरफ से हरसंभव मदद उपलब्ध करायी जाए। कहा कि हमने लोगों से पहले ही कह दिया है कि ताड़ी का काम छोड़कर नीरा का उत्पादन करें। इसके लिए जो भी मदद की जरूरत है वह सरकार करेगी।

चौसा थर्मल पावर प्लांट में फिर शुरू हुआ निर्माण कार्य

केटी न्यूज/बक्सर

किसानों के उग्र आंदोलन के कारण पिछले 10 दिनों से बंद पड़ा चौसा थर्मल पावर प्लांट में निर्माण कार्य शनिवार से फिर शुरू हो गया। शनिवार को करीब 150 से 200 मजदूरों के साथ कई स्थानों पर निर्माण कार्य किया। बक्सर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोरख राम, चौसा अंचलाधिकारी एवं मुफस्सिल थानाध्यक्ष के सहयोग एवं एसजेवीएन तथा एल एंड टी के प्रयास से शुरू हुए काम के कारण प्लांट में फिर से चहल-पहल बढ़ गई है। सामानों से भरे ट्रकों का सामान अनलोड होना शुरू हो गया हैं और उनका आना-जाना भी शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के प्रयास एवं सहयोग से वस्तु स्थिति सामान्य होती जा रही है। इसी क्रम में एसजेसीएन के निदेशक (विद्युत) का परियोजना में आगमन एसटीपीएल एवं एलएंडटी के अधिकारियों के मनोबल बढ़ा रहा है। एसजेवीएन के सीइओ मनोज कुमार ने परियोजना में कार्य शुरू हाने पर बक्सर प्रशासन और आम जनता को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से परियोजना का कार्य पुनः पटरी पर लौट रहा है जो जल्द ही जोर पकड़ लेगा।

द दलाई लामा ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 20 लाख रुपए

पटना। द दलाई लामा ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 20 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गयी। द दलाई लामा ट्रस्ट की ओर से सेक्रेट्री ट्रस्टी श्री जेमफेल लुंधौप ने मुख्यमंत्री राहत कोष में राशि प्रदान करते हुए कहा कि राज्य के नागरिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का प्रयास प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परम पावन दलाई लामा के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने बिहार और बिहार की जनता के हित के लिए यह सहायता राशि प्रदान की।



फरवरी में होनेवाले जी-20 सम्मेलन को लेकर रन फॉर जी-20 वॉकाथन' का आयोजन

जी-20 सम्मेलन से प्रदेश को मिलेगी वैश्विक पहचान: योगी

एजेंसी/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के चार शहरों में फरवरी से आयोजित होने जा रहे जी-20 सम्मेलन को लेकर जनजागरूकता का प्रसार करने के लिए शनिवार को 'रन फॉर जी-20 वॉकाथन' का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ सहित आगरा, वाराणसी और गौतम बुद्धनगर में वॉकाथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से फ्लैग ऑफ करके एक साथ चारों शहरों में वॉकाथन का शुभारंभ किया।

फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को जी-20 सम्मेलन



के आतिथ्य का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के जरिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की छवि, यहां की संस्कृति, खानपान और डिजिटल यूपी को प्रदर्शित करने का अवसर हमें मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य और एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के संकल्प के साथ इस वर्ष भारत में जी-20 सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में जी-20 सम्मेलन के अलग-अलग दिवसों पर कुल 11 बैठकों का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, देश आजादी का अमृत महोत्सव उत्साह मना रहा है। इसके साथ ही अनेक उपलब्धियां हमें प्राप्त होती दिख रही हैं। दुनिया इस बात को मान रही है कि वैश्विक संकट के इस दौर में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया को संकट से उबार सकते हैं। ये मेरा है और ये तेरा है की भावना कभी भारत की नहीं रही। भारतीय मनीषियों ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम के जरिए पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानने की बात कही है। यही भारत की सनातन सोच रही है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में क्रीड़ा हाल का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने इस दौरान 519 लाख की लागत से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जी-20 बहुद्देश्यीय क्रीड़ा हाल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जी-20 के लोगो युक्त झंडे को मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने झंडा दिखाकर और गुब्बारे उड़ाकर वॉकाथन को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के लिए रवाना किया। वॉकाथन में युवा खिलाड़ी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वालंटियर्स, सिविल डिफेंस आदि लोग शामिल रहे।

खबरें फटाफट

लापता युवक का मिला शव

सासाराम। जिला मुख्यालय के पूर्वी क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी तले तालाब में शनिवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के प्रतापगंज मुहल्ले के राज कुमार चैधरी के बेटे विशाल कुमार 20 वर्ष के रूप में की गई है। युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगते हुए सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौक को जाम कर दिया है, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमूर पहाड़ी के तलहटी में बलडीहवा तालाब में युवक का शव वहां चरवाहों द्वारा देखा गया। शव मिलने की बात इलाके में तेजी से फैल गई, लोगों ने शव को निकाला, तो उसकी पहचान की गई। विशाल कुमार की मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया। अक्रोशित परिजनों एवं मुहल्ले वालों ने शव के साथ पौस्ट ऑफिस चौक को जाम कर दिया। मृतक के चचेरे भाई रीतेश कुमार ने बताया कि 16 जनवरी को फोन आने के बाद निशांत घर से निकला था, इसके बाद नहीं लौटा।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सासाराम। जिले के कोचस थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान परसथुआ ओपी के नौना कोह गांव के शिवनारायण त्रिगुण के बेटे हर्षित त्रिगुण 19 साल के रूप में की गई है। बताते हैं कि हर्षित शुक्रवार देर रात अपने दोस्त विकास त्रिगुण के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। इस क्रम में एनएच 31 पर लहेरी गांव के पास बाइक विपरीत दिशा से आ रहे जेसीबी की चपेट में आ गई। इससे मौके पर ही हर्षित और साथी विकास त्रिगुण घायल हो गए। जुटे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी कोचस पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान हर्षित की मौत हो गई।

एचडब्ल्यूसी पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले की गतिविधियां की जाएगी अपलोड

केटी न्यूज/आरा

- व्यापक पैमाने पर स्वास्थ्य मेला का किया जायेगा प्रचार प्रसार
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के निदेर्शानुसार राज्य के सभी क्रियाशील हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रत्येक माह की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए आयोजित की जानी वाली गतिविधियों की सूचि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गयी है। अब स्वास्थ्य मेला के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों को एचडब्लूसी पोर्टल पर उपलब्ध फॉर्मेट में भरा जाना है। इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

किया जायेगा प्रचार प्रसार: कार्यपालक निदेशक जारी पत्र में बताया गया है कि स्वास्थ्य मेला का प्रचार प्रसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, कम्युनिटी रेडियो, आशा एवं स्थानीय सामाजिक लीडर द्वारा कराया जाना है। इसका उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोगों को मेले के बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके और वह इसका लाभ उठा सकें।



साथ ही स्वास्थ्य मेला से संबंधित फोटो स्वास्थ्य मंत्रालय एबी-एचडब्लूसी के सोशल मीडिया अकाउंट क्रमशः @MoHFW_INDIA एवं @AyushmanHWCs पर ससमय अपलोड कराया जाये।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने का उद्देश्य : हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने का मुख्य उद्देश जनमानस को सौहार्दपूर्ण वातावरण में विश्वसनीय गुणवत्तापूर्ण एवं विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना है। केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब कमजोर एवं मध्यम वर्ग के लोगों को सभी तरह की स्वास्थ्य उपलब्ध कराई जाती है। ग्रामीणों को समय रहते हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व कैंसर, मातृ स्वास्थ्य और डिलीवरी की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य सुविधा, कॉन्ट्रासेप्टिव सुविधा और संक्रामक, गैर संक्रामक रोगों के प्रबंधन की सुविधा, आंख, नाक, कान व गले से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाता है। गंभीर बीमारियों का लक्षण पता चलने के बाद मरीज को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है। साथ ही, इलाज के साथ साथ फ्रंट लाइन वर्कर्स मरीज की मॉनिटरिंग करते हैं।

अब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर माह निम्न गतिविधियां की जायेंगी आयोजित

- हर मेले में योगा, झुमबा, साइकिलिंग आदि का आयोजन
- सभी कार्यरत दिनों में टेली कंसल्टेशन का आयोजन
- माह के पहली से पांचवी तारीख के बीच कम से कम एक बार निक्षय पोषण अभियान 2.0 का संचालन
- माह के पहले एवं तीसरे शनिवार को गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग एवं दवा का वितरण

क्या है हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण स्तर पर ब्लड शुगर, बीपी,एचआईवी, टीबी, कोलेस्ट्रॉल इत्यादि 30 से ज्यादा प्रकार की जांच सुविधाएं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर होती है। इसके अलावा संबंधित बीमारियों के लिए सभी प्रकार की दवाइयां भी दी जाती हैं। उन दवाओं का किस प्रकार उपयोग किया जाए इसका भी परामर्श अस्पताल में आने वाले सभी लोगों को दिया जाता है। पहले प्राइमरी हेल्थ सेंटर में मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाता था. अब उसी केंद्र को 'हेल?थ एंड वेलनेस सेंटर' के तौर पर विकसित किया गया है। इस सेंटर पर संचारी और गैर संचारी दोनों तरह की बीमारियों का इलाज होता है।

काम के बाद घर लौट रहे प्लंबर को डंपर ने कुचला, मुआवजे को अड़े ग्रामीण

बेलगाम हाइवा की ठोकर से बाइक सवार प्लंबर की मौत, विरोध में जाम किया सड़क

- दो घंटे बाधित रहा आवागमन, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए अक्रोशित लोग

केटी न्यूज/आरा

जिले में पीरो नगर के बिहिया रोड में चांद मार्केट के पास शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार प्लंबर को रौंद दिया। उसमें उसकी मौके पर मौत हो गयी, जबकि उनका सहयोगी बाल-बाल बच गया। मृतक पीरो नगर के आठ नवंबर वार्ड निवासी 58 वर्षीय सुदामा राम थे। इधर, हादसे के बाद मोहल्ले के लोगों व परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। मुआवजे की मांग को लेकर लोग सड़क पर उतर गये। गुस्साए लोगों ने आरा-सासाराम स्टेट हाइवे और बिहटा-बिहिया जाम कर दिया। उससे दोनों मार्गों पर वाहनों की कतार लग गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ चंद्रशेखर सिंह और थानाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित लोग मौके पर एसडीओ को बुलाने और मुआवजे की मांग कर रहे थे।



घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ को समझाते पुलिस अधिकारी

स्कॉर्पियो के दरवाजे से टकराने के बाद गिरे प्लबंर को हाईवा ने कुचला

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर प्लंबर हैंड पंप लगाकर बाइक से अपने सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे। उसी दौरान चांद मार्केट के समीप सड़क किनारे खडी स्कार्पियो का दरवाजा अचानक खुलने से उनकी बाइक स्कार्पियो के दरवाजे से टकरा कर सड़क पर पलट गयी। उससे सुदामा राम नीचे गिर पड़े। इसी बीच दूसरी तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे हाइव ने उनको कुचल दिया। उससे उनकी मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्कार्पियो और हाइव दोनों के चालक अपने-अपने वाहन के साथ भाग निकले।

हालांकि सीओ व थानाध्यक्ष के काफी प्रयास के बाद करीब छह बजे सड़क जाम समाप्त हुआ। सीओ के अनुसार मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 3 हजार रुपये दिया गया। पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये और परिवहन विभाग की ओर से मुआवजे के रूप में दिए जाने वाले पांच लाख रुपये आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जल्द से जल्द दिलवाए जाने का आश्वाशन दिया गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस कारण आरा-सासाराम और बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

प्लंबर की मौत से परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल : बताया जा रहा है कि सुदामा राम के परिवार में चार पुत्र और तीन बेटियां है। घटना की सूचना मिलते ही उनका पूरा परिवार वहां आ पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के विलाप से माहौल काफी गमगीन हो गया था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पड़ोसियों के अनुसार सुदामा प्लंबर का काम करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी दो बेटियों की शादी हो गई है। एक बेटी और चार पुत्रों की शादी करनी बाकी है। सुदामा राम की मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है।

एक नजर

बच्चे भविष्य के वैज्ञानिक भी हैं और राष्ट्रीय रक्षक भी : अभिषेक आनंद



जहानाबाद। मानस पब्लिक स्कूल में रविज्ञान प्रदर्शनी फूड फेस्टिवलर का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जहानाबाद के एसडीओ मनोज कुमार ने रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार को मानस ग्रुप के युवा निदेशक अभिषेक आनंद एवं प्रचार्या खुशबू कुमारी ने बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक व्यंजन की तैयारी एवं विज्ञान मॉडल को देखकर मुख्य अतिथि अभिभूत हो गए। उन्होंने अपने संबोधन से छात्रों में नई ऊर्जा को प्रदान किया। उन्होंने कहा आज आप के वैज्ञानिक सोच एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजन की तैयारी देखकर यह प्रतीत होता है कि आज ही भविष्य के भारत हो जिनके अंदर ऊर्जा उत्साह लबालब प्रकट हो रहा है। निदेशक अभिषेक आनंद ने उपस्थित अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह पल सहेजने की जरूरत है हम देख रहे हैं कि अल्प समय में ही शिक्षकों के मार्गदर्शन से बेहतरीन विज्ञान मॉडल एवं स्कूल के फेस्टिवल की तैयारी संभव हो सका है। आप इस धरा के रत्न हो। प्राचार्य खुशबू कुमारी ने मुख्य अतिथि को हदय से साधुवाद देते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों पर आप जैसे व्यक्तित्वों की उपस्थिति आवश्य ही हम सब को मजबूती एवं संकल्पवान बनाती है।

संविधान का ज्ञान बच्चों को बनायेगा भविष्य का सजग नागरिक : एडीजे अजय कुमार



जहानाबाद। डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक साक्षरता क्लब द्वारा चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्य केके पाण्डेय के निदेर्शानुसार आयोजित मासिक चर्चा सत्र में संविधान की प्रस्तावना एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिले के जिला अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को संविधान में वर्णित कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों, कानूनों, नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता व साक्षरता के लिए लीगल लिटरेसी क्लब बेहद उपयोगी है। संविधान का ज्ञान बच्चों को भविष्य का सजग नागरिक बनाएगा। इस अवसर पर उन्होंने विस्तार से संविधान की प्रस्तावना के बारे में बच्चों को बताया वहीं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पैनल अधिवक्ता श्री संजय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को भी संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया। चर्चा सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक बीके पाठक ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का विद्यालय परिसर में पुष्पगुच्छ, तिलक आरती से पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। चर्चा सत्र में छात्र- छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

डीएम ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

जहानाबाद। डीएम रिची पाण्डेय ने वर्ष 2022-2023 में एथलेटिक्स, तलवारबाजी व कराटे में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया। जिसमें अमित कुमार ने बालक वर्ग में अंडर-17 बिहार सब-जूनियर स्टेट तलवारबाजी एवं कराटे में कांस्य पदक प्राप्त किया।



आशिष कुमार नेअंडर-14 बालक वर्ग में बिहार सब-जूनियर स्टेट तलवारबाजी में कांस्य पदक प्राप्त किया। कुनाल सिंह आर्या ने अंडर-14 बालक वर्ग में बिहार सब-जूनियर स्टेट तलवारबाजी एवं कराटे में रतज पदक प्राप्त किया। रोहित कुमार ने अंडर-14 बालक वर्ग में बिहार स्टेट सब-जूनियर कराटे चैम्पियनशिप, में कांस्य पदक प्राप्त किया। जसवंत सरोज अंडर-17 बालक वर्ग राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में रजत पदक प्राप्त किया। आकांक्षा कुमारी स्टेट अंडर-17 बालिका वर्ग सब-जूनियर एथलेटिक्स स्टेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया एवं जूनियर नेशनल में सहभागिता रही है। इनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने शुभकामना देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा निकिता, सचिव कराटे/तलवारबाजी संघ अनुशक्ति सिंह, एथलेटिक्स खिलाड़ी जसवंत सरोज के कोच ज्योतिष कुमार, कार्यालय कर्मी रश्मि सौम्या उपस्थित थे।

ट्रैक्टर से दब कर युवक की मौत

आरा। अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बडगांव गांव में शुक्रवार की रात धान लदे एक ट्रैक्टर से दब एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा संदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत युवक बडगांव गांव के ही रहने वाले विजय प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार के देर शाम सरोज कुमार गांव में अपने अन्य साथियों के साथ एक ट्रैक्टर पर धान लोड करने गया था। उसके बाद उसी ट्रैक्टर से लौट रहा था। उस दौरान चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिये जाने से वह गिर पड़ा और ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। उसमें वह पूरी तरह जख्मी हो गया और सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।

बड़े भाई मिथलेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर पर धान लोड करने के बाद सरोज चालक के बगल वाली सीट पर बैठ गया। ट्रैक्टर ओवरलोड था और स्पीड भी काफी थी। टर्निंग पर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिया गया, जिससे ट्रैक्टर पर बैठा सरोज कुमार नीच गिर पड़ा व चक्का उस पर चढ़ गया। उसके बाद चालक द्वारा ट्रैक्टर लेकर भाग निकला गया। उन्होंने बताया कि हादसे की खबर मिलने पर वह घटनास्थल पर पहुंचा, तो कुछ लोगों द्वारा रोड को धो दिया गया था। ताकि दुर्घटना स्थल से खून को साफ किया जा सके।

इलाजरत बहू से मिल लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत

केटी न्यूज/आरा

जिले में कोईलवर-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहां व मखदुमपुर के बीच शनिवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी। ट्रैक्टर की ठोकर से गिरी महिला को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। उसमें उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उस हादसे में उनका पुत्र भी जख्मी हो गया है। मृतका बड़हरा थाने के ही बबुरा गांव निवासी बिहारी बैठा का 42 वर्षीय पत्नी रुक्मिणा देवी थी। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने



अस्पताल पहुंचे मृत महिला के परजिन

सड़क जाम कर दिया। टायर जलाकर प्रदर्शन भी किया गया। उस कारण फोरलेन पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही है आवागमन बाधित रहा।

बताया जा रहा है कि बिहारी बैठा की पत्नी रुक्मिना देवी की बहू का ऑपरेशन हुआ है। उससे मिलकर वह अपने बेटे अनिल के साथ बाइक से आरा से गांव लौट रही थी। उसी दरम्यान बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहां-मखदुमपुर के बीच बालू लदे एक ट्रैक्टर ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। उससे वह बाइक से गिर गयी। उसमें उनको मामूली चोट आयी थी। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनको कुचल दिया। उससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश घटना स्थल पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा है।

खान सर की आवाज से एमडीए को मिलेगी गति, सहयोगी संस्थाओं की टीम के सदस्यों ने खान सर से की मुलाकात

अब राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन में खान सर करेंगे सहयोग

- फाइलेरिया पर जन-जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर खान सर ने जतायी सहमति

केटी न्यूज/पटना

शिक्षा और स्वास्थ्य एक दूसरे की अनुपूरक है। शिक्षक प्रगति की कड़ी को जोड़ने के साथ स्वस्थ्य समाज की बुनियाद मजबूत करने में भी हमेशा से सहयोगी रहे हैं। राज्य के साथ देश के नौनिहालों को शिक्षित करने में जुटे खान सर आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। जटिल जानकारियों को सरल एवं सुलभ बनाने में जुटे खान सर अब फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करेंगे। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं ने खान सर से मुलाकात की। जिसमें उनसे फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए-फाइलेरिया पर लोगों को जागरूक करने की अपील की गयी। खान सर ने इसपर अपनी सहमति व्यक्त की और फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।



खान सर के साथ सहयोगी संस्थानों के सदस्य

फाइलेरिया को उपेक्षित रोगों की सूची से निकालना जरुरी

खान सर से मुलाकात करने पहुंचे विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज की श्रृंखला में कुल 20 रोगों को शामिल किया गया है। फाइलेरिया भी लंबे समय से नेग्लेक्टेड यानी उपेक्षित रोगों की सूची में शामिल है। उन्होंने फाइलेरिया के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं उपचार पर विस्तार से खान सर को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्व के 47 देशों की लगभग 86.3 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में है। जबकि बिहार के सभी जिले फाइलेरिया एंडेमिक हैं। उन्होंने बताया कि हाथीपांव फाइलेरिया का सबसे विकराल स्वरूप है जिससे एक सामान्य व्यक्ति कई किलोग्राम के अतिरिक्त वजन अपने पैरों में लादकर जीने पर मजबूर हो जाते हैं। इसकी रोकथाम आसान है। साल में एक बार होने वाले एमडीए-फाइलेरिया में दवा खाने से इसकी रोकथाम संभव है। ऐसा पांच बार पांच सालों में दवा खाकर इसकी रोकथाम की जा सकती है।

सामाजिक उपेक्षा को किया है महसूसः बैठक में फाइलेरिया रोग पर अपने विचार प्रकट करते हुए खान सर ने बताया कि अभी भी समाज में फाइलेरिया मरीज उपेक्षा का शिकार होते हैं। हाथीपांव के कारण हुयी शारीरिक विकृति उनकी पहचान बन जाती है। विशेषकर ग्रामीण परिवेश में उन्हें कई स्तर पर उपेक्षित होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह अकाट्य सत्य है कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही शिक्षा का सदुपयोग कर सफलता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वह अपने वीडियो एवं क्लासेज के द्वारा फाइलेरिया एवं एमडीए-फाइलेरिया पर युवाओं के साथ उन्हें सुनने वाले सभी लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने फाइलेरिया जैसे गंभीर रोगों पर समुदाय को जागरूक करना सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी बताया।

एमडीए पर जागरूक करने की अपील

बैठक में उपस्थित बीएमजीएफ के एनटीडी के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अमोल पाटिल ने खान सर से राज्य के साथ देश में एक साथ 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए राउंड के विषय में युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम लोगों को जागरूक करने की अपील की। वहीं, केयर इण्डिया से एनटीडी के टीम लीड विकास सिन्हा ने कहा कि 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में एमडीए-फाइलेरिया यानी सर्वजन दवा सेवन कराया जाएगा। यदि खान सर जैसे शख्सियत इस पर लोगों को जागरूक करते हैं तो एमडीए अभियान को अधिक सफल बनाया जा सकेगा। इस दौरान केयर इण्डिया से बासब रुज, पीसीआई से रणपाल एवं सीफार से रंजीत भी उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

युवक को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क स्थित प्रतापसागर गांव के समीप मामूली विवाद को लेकर छह लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जख्मी युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सिद्धिपुर गांव निवासी सरोज कुमार यादव के रूप में हुई है। पीड़ित ने कुशलपुर गांव के रहने वाले सोनू, विवेक, राकेश सहित छह लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने दिये गये आवेदन में बताया है कि वह गांव से प्रतापसागर आया था। इसी दौरान सभी आरोपियों ने सड़क पर घेरकर पिटाई कर दी।

हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

डुमरांव। कोरानसराय पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामायण सिंह पिता स्व षिव जन्म सिंह पर बिक्रमगंज थाने में रौशन कुमार पिता अरूण कुमार सिंह की हत्या किए जाने का आरोप है। मृतक रौशन के पिता अरूण ने रामायण समेत कुल आधा दर्जन लोगों को 5 नवंबर 2022 को अपने पुत्र की गोली मार हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बिक्रमगंज थाने में मामला दर्ज कराया था। घटना के बाद से रामायण फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने इसकी जानकारी बिक्रमगंज पुलिस को दे दी है।

डीएम व एसपी ने की बैठक

बक्सर। डीएम अमन समीर एवं एसपी मनीष कुमार की अध्यक्षता में मद्य निषेध, विधि व्यवस्था, खनन, भू विवाद लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में आहूत की गई। डीएम ने जिला लोक शिकायत निवारण की समीक्षा की। साथ ही नए राशन कार्ड के लिए जो आवेदन लंबित है इससे संबंधित एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया गया कि विशेष कैंप लगाते हुए सभी आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। लोक शिकायत निवारण की समीक्षा के क्रम में ऊर्जा विभाग की समीक्षा की गई और कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

जज्बा: लॉक डाउन में नौकरी गयी तो मनोहर ने बाइक पर खड़ा किया रोजगार

सौरभ केशरी/डुमरांव

- लॉक डाउन में चली गई थी नौकरी नहीं मानी हार
- सतू मिल बैठाकर प्रति माह कर रहा 20-25 हजार रुपए की आमदनी
- बेरोजगारी का रोना रोने वाले युवकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना मनोहर

परिस्थितियां जब विपरित होती है तो कई लोग टूट जाते है। कई गलत आदतों की लत में आ जाते है। लेकिन कई ऐसे भी जीवट वाले होते हैं, जो ऐसी परिस्थितियों में भी निखर कर समाज को एक नई राह दिखाते हैं। हम बात कर रहे हैं डुमरांव शहर के समीप स्थित अंगद राय के डेरा गांव निवासी मनोहर कुमार की। जो अन्य मजदूरों की तरह सूरत के एक कंपनी में नौकरी करता था। लेकिन, कोरोना काल में उसकी नौकरी चली गई।

कोरोना के संक्रमण प्रसार को रोकने ने के लिए सरकार ने लगाया गया लॉक डाउन मनोहर के लिए वरदान बन गया। अब उसे परदेश में नौकरी नहीं करनी पड़ रही है, बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से वह अपने शहर में ही परदेश से अच्छा पैसा कमा रहा है। लॉक डाउन के दौरान मनोहर की कंपनी भी बंद हो गई थी। जिसके बाद वह किसी तरह घर लौटा। लॉक डाउन हटने के बाद जब उसकी कंपनी खुली तो उसे कंपनी ने बुलावा भी भेजा, लेकिन मनोहर ने कुछ अलग करने की ठानी। मनोहर ने खुद का व्यवसाय करने की तैयारी करने लगा।


बाइक पर सतू पीसकर बेचता मनोहर

प्रति माह 20 से 25 हजार की करता आमदनी

उस समय कोरोना महामारी के कारण कई कंपनियां बंद हो गयी। कइयों की नौकरी चली गयी, जिसमें मनोहर भी शामिल था। घर आकर वह मेहनत-मजदूरी करने लगा, लेकिन आर्थिक तंगी से उबर नहीं सका। किसी तरह घर की गाड़ी चलती रही और वह धीरे-धीरे कर्ज की बोझ में दबता रहा। फिर उसने जुगाड़ के नई तकनीक से पैसा कमाने का रास्ता अख्तियार किया। नौकरी की आस छोड़कर वह अपनी जुगाड़ से बाइक पर सतू मिल बैठाकर आसानी से प्रति माह 20 से 25 हजार रुपए की आमदनी करता है। इस आमदनी के बदौलत वह मां-बाप, पत्नी और दो बच्चों की परवरिश आसानी से कर लेता है। मनोहर जब बाइक पर भूंने चने की बोरियां और सतू पीसने वाली मशीन को लेकर डुमरांव के सड़क व गलियों में पहुंचता है तो खटखट की आवाज सुन सतू खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है। 100 रुपए में एक किग्रा सतू तुरंत पीसकर देता है। इसमें कोई मिलावट नहीं। खरीदार आंखों के सामने पीसा हुआ सतू खरीदकर ले जाते है। यह शहरी लोगों को खूब भा रहा है।

बची हुई राशि से खड़ा किया

कमाई का जरिया : मनोहर के जुगाड़ का मिल बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। वह कभी-कभी गांवों का भी रुख करता है। मनोहर ने बताया कि जो भी पैसे बचे थे, उसे कमाई का जरिया बनाया। 20 हजार रुपए में सेकेंड हैंड बाइक की खरीद की और उस पर छोटा चक्की तथा डीजल इंजन पर सतू चक्की बैठा लिया। इस रोजगार में करीब 40 से 45 हजार रुपए लागत खर्च लगा और मेहनत कर करीब 20 हजार की राशि हर माह कमाई करते है। इस कमाई से परिवार चलता है और यह काम नौकरी से भी अच्छा काम है। अब उसे नौकरी के लिए परदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

मकोरिया सौरी मुख्य मार्ग पर हादसे में दो की गई जान, बाल बाल बची युवती

दुर्घटना: ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में मासूम समेत युवक की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

- मां के सामने हुई बेटी की मौत, सदमे में है सुनीता
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

केटी न्यूज/राजपुर


घटना के बाद रोती बिनखती महिला

राजपुर थाना क्षेत्र के मकोरिया सौरी मुख्य मार्ग पर शनिवार को दोपहर भलुहा पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक वर्षीय बच्ची के साथ ही बाइक चालक युवक की मौत हो गई है। जबकि बाइक पर पीछे बैठी मासूम की मां भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। विपरित दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया है। वहीं, इस घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। तत्काल सभी जख्मियों को राजपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां बाइक चालक युवक व मासूम के मौत की पुष्टि डॉक्टरों ने कर दी। जबकि जख्मी युवती को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मृतक दीपक राम उम्र 21 वर्ष राजपुर गांव के श्यामु राम का पुत्र है। जबकि एक वर्षीय मासूम छोटी कुमारी पुरैनी गांव की है। दोनों आपस में रिश्तेदार है।

बेटी को घर छोड़ने जा रहा था दीपक : घटना के संबंध में बताया जाता है कि दीपक अपने गांव से रिश्तेदार के यहां पलिया गांव में गया हुआ था। वहां से पुरैनी गांव की रहने वाली सुनीता देवी नामक रिश्तेदार तथा उसकी एक साल की बेटी को बाइक पर बैठा उनके घर छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह भलुहा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी चौसा की तरफ से तेज गति में जा रही एक ट्रैक्टर ने इसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही तीनों बाइक से गिरकर बुरी तरह से जख्मी हो गए। रोड पर अफरा-तफरी मच गई। आस-पास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए राजपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दीपक तथा छोटी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी सुनीता को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया।

फरार ट्रैक्टर चालक की पहचान का किया जा रहा प्रयास: इस संबंध में राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस टीम को वहां भेजा गया। उन्होंने कहा कि फरार ट्रैक्टर चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

बच्ची की मौत देख मर्माहत हुई ग्रामीण महिला

घटना के बाद अस्पताल परिसर में सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंच गए थे। अस्पताल परिसर में लगभग डेढ़ घण्टे तक परिजन रोते-बिलखते रहे। ग्रामीण महिला मासूम बच्ची की मौत देख काफी मर्माहत दिखी। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया है। सीएचसी केंद्र पर पहुंचे पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने प्रशासन से उचित मुआवजा राशि की मांग की है। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष युसूफ अंसारी ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेंज दिया है। इस घटना के बाद लोगों में बेलगाम परिचालन के प्रति गहरा आक्रोश है।

बेटी की मौत देख बदहवास हो गई सुनीता

इस दुर्घटना में जख्मी हुई सुनीता की जान भले ही बच गई है, लेकिन उसके सामने ही उसकी मासूम बेटी तथा एक रिश्तेदार की मौत हो गई। सुनीता इस घटना के बाद काफी बदहवास थी। उसे बार बार अपनी बेटी की चिंता हो रही थी। इस घटना के बाद मानों वह बेसुध हो गयी थी। वह सदमें से उबर नहीं पा रही थी तथा रह रहकर अचेत हो जा रही थी। यही हाल अन्य परिजनों का भी था। एक साथ दो मौतों के बाद दो परिवारों में मातम पसरा था। राजपुर सीएचसी में परिजनों की चिख पुकार से देर तक माहौल गमगीन रहा।

एक नजर

मौनी अमावस्या पर लाखों लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी, रामरेखा घाट पर सबसे अधिक भीड़



बक्सर। सिद्धाश्रम (बक्सर) के उत्तरवाहिनी मां गंगा के तट पर मौनी अमावस्या के स्नान दान को लेकर शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। लाखों की संख्या में उमड़ी श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों की भीड़ मौन धारण कर ऐतिहासिक रामरेखा घाट पर पतित पावनी मां गंगा की पावन जलधारा में डुबकी लगाई और पूजन अर्चन के बाद दीन दुखियों में अन्न तथा द्रव्य दान कर पूण्य लाभ अर्जित किये। रामरेखा घाट और उसके आसपास बाजार में मेले जैसा नजारा देखने को मिला। भीड़ इतनी की घाट तक आने जाने में श्रद्धालुओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि बक्सर में गंगा उपरायणी है जिस कारण मौनी अमावस्या पर यहा गंगा स्नान का विशेष महत्व। यही कारण है कि न सिर्फ बिहार और यूपी के बल्कि पड़ोसी देश नेपाल, भूटान जैसे देशों से भी श्रद्धालु आए थे। गंगा में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एनडीआरएफ की टीम और प्रशिक्षित गोताखोर भी अपनी नाव लेकर मुस्तैद रहे। जिससे किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना से पहले श्रद्धालुओं को सुरक्षा दी जा सके। हालांकि शाम तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली। भारी भीड़ को देखते हुए रामरेखा घाट के रास्ते पीपरपाती रोड को जाने वाली सड़क पर पुलिस महकमा द्वारा चार पहिया तथा भारी वाहनों के लिए नो एंट्री लगा दिया गया था। वही सादे वेश में भी पुलिसकर्मी प्रतिपल मॉनिटरिंग कर रहे थे। मौनी अमावस्या को ले श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था।

शिक्षिका के अभद्र व्यवहार से नाराज कठार मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने किया कार्य बहिष्कार



सिमरी। स्थानीय अंचल के मध्य विद्यालय कठार की शिक्षिका संगीता कुमारी द्वारा प्रधानाध्यापक समेत अन्य शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौज तथा धमकी दिए जाने से नाराज शिक्षकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। शनिवार को प्रधानाध्यापक श्यामनारायण ओझा के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं कार्य बहिष्कार कर स्कूल परिसर में ही हड़ताल पर बैठ गए। शिक्षकों द्वारा इसकी जानकारी डीईओ को भी दी गई है। डीईओ को दिए आवेदन में शिक्षकों ने बताया है कि शिक्षिक संगीता कुमारी स्थानीय गांव की है तथा कभी भी समय से स्कूल नहीं आती है। टोकने पर प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों के साथ गाली गलौज करती है तथा धमकी देती है। शिक्षकों ने कहा कि उनके आचरण से विद्यालय का शैक्षणिक माहौल बिगड़ रहा है। शिक्षकों ने उनके स्थानांतरण की मांग की है। शिक्षकों ने कहा है कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तबतक वे लोग लोकतांत्रिक तरीके से हड़ताल जारी रखेंगे। इस संबंध में सिमरी के बीईओ से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया। लेकिन मोबाइल रिसीव नहीं करने से उनसे बात नहीं हो सकी।

नवजात की मौत मामले की जांच शुरू

डुमरांव। डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में मई महीने में प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत पर बवाल हुआ था। परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक से की थी। अब इस मामले की जांच शुरू हो गई है। शनिवार को स्वास्थ विभाग पटना की क्षेत्रीय अपर निदेशक डा विभा कुमारी सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच इस मामले की जांच की। इस दौरान टीम ने डीएस डा गिरीश सिंह समेत सभी डाक्टरों से पूछताछ की। जबकि आरोप लगाने वाले नंदन के ग्रामीण से भी घटना की जानकारी ली गई। हालांकि जांच टीम ने कुछ जानकारी नहीं दी है। टीम में रोहतास के सिवील सर्जन के एन तिवारी, आर पी एम पीयूष रंजन शामिल थे।

शराब पीने से मना करने पर युवक की पिटाई

डुमरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरनही मोहल्ले में शराब पीने से मना करने पर एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित रोहतास के दरिहट गांव निवासी आकाश कुमार बताया जाता है। वह विगत कुछ वर्षों से डुमरांव में रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। इस मामले में पीड़ित ने एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़ित अपने बहन के घर जा रहा था। जब वहां पहुंच तो रिश्तेदार के साथ कुछ लोग शराब पी रहे थे। जब पीड़ित ने इस पर नाराजगी जतायी तो उसकी पिटाई कर दी गयी। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पीड़ित के बयान पर पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

29 किग्रा गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नावानगर। सोनवर्षा ओपी पुलिस को गांजा तस्करी मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ओपी क्षेत्र के स्थानीय गांव से 29 किग्रा गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। गिरफ्तार गांजा तस्कर से पुलिस ने पूछताछ के बाद नामजद केस दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया।

गिरफ्तार गांजा तस्कर गांव के उमाशंकर चौधरी उर्फ उमा चौधरी है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांजा तस्कर के घर छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस ने घर के कोने-कोने की तलाशी लिया। पर गांजा की खेप हाथ नहीं लगी। तभी पुलिस की नजर घर में रखे दो टीन के बक्से पर पड़ी। पुलिस ने बक्से को खोलकर देखा तो दोनों बक्सा गांजा से भरा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने घर में मौजूद तस्कर को पकड़ लिया। ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को गांजा के धंधे के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर स्वयं की नेतृत्व में चिन्हित घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान घर में रखे दो टीन बक्सा में रखे गए कुल 29.315 किलोग्राम गांजा पाया गया। गांजा बरामद होने के बाद तस्कर से पूछताछ की गई और फिर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

ईओ के खिलाफ पूर्व पार्षद ने जांच टीम को सौंपे सबूत

केटी न्यूज/डुमरांव


जांच को पहुंचे अधिकारी

शनिवार को राज्य सरकार के निर्देश पर तथा डीएम द्वारा गठित जांच टीम एक बार फिर से डुमरांव नगर परिषद के कार्यालय पहुंची। इस टीम के सामने पूर्व पार्षद धीरज कुमार उपस्थित हुए तथा अपने तथा आरटीआई कार्यकर्ता रामजी सिंह द्वारा कार्यपालक तथा उनके चहेत संवेदक पर लगाए गए आरोपों के संबंध में 67 पन्नों का सबूत जांच टीम के सामने प्रस्तुत किया। जिनमें बिंदुवार कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नियमों को ताक पर रख अवैध निकासी, भ्रष्टाचार तथा अपने चहेते संवेदक के माध्यम से लूट खसोट करने की जानकारी दी गई है। पूर्व पार्षद ने जांच टीम के समक्ष कहा कि जनसमस्याओं के प्रति नगर परिषद डुमरांव के कार्यपालक पदाधिकारी की उपेक्षा के खिलाफ मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा जनता के नाम से संबोधित एक खुला पत्र मैंने निकाला था।

खुला पत्र में इस बात का उल्लेख है कि किस प्रकार ईओ अपने एक खास चहेते संवेदक से गठजोड़ कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। हर घर नल जल में कुव्यवस्था, डस्टबिन खरीदारी में वित्तीय अनियमितता, खराब एलईडी लाइट खरीद घोटाला, मेरे वार्ड की कच्ची नली गली निर्माण कार्य में भेदभाव, प्रधानमंत्री आवास की राशि को महीनों वर्षों तक लटकाएं रखना, आरटीआई का जवाब नहीं देना और वेडिंग जोन निर्माण को लटकाकर रखना प्रमुख है। धीरज ने जांच टीम से कहा कि मुख्यमंत्री के जीरो टालरेंस नीति को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि ईओ मनोज कुमार तथा उनके चहेते संवेदक की संपति की जांच निगरानी से करवाई जाए।

इसके साथ ही धीरज ने आठ बिंदुओं में कार्यपालक पर लगाए गए सभी आरोपों के साक्ष्य भी जांच टीम को दिए। इसपर जांच दल के अध्यक्ष किशोरी चौधरी ने सभी कागजात को बारीकी से निरीक्षण करने के बाद बताया कि सभी कागजातो की जांच करके रिपोर्ट जिला प्रशासन और सरकार को सौंपी जायेगी। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अभी से ही इस जांच पर कई तरह की चचाएं होने लगी है। देखना है कि जांच टीम द्वारा क्या रिपोर्ट दिया जा रहा है और इस पर ईओ पर क्या कार्रवाई हो रही है।

जिले में हर माह की 21वीं तिथि को मनाया जाता है परिवार नियोजन दिवस

परिवार नियोजन दिवस पर लोगों को किया जा रहा जागरूक

- लाभुकों के बीच वितरित किए जाते हैं नियोजन के अस्थायी साधन

केटी न्यूज/बक्सर


परिवार नियोजन दिवस पर लाभुक महलिा को दवाइयां देती आशा

जिले में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक माह की 21वीं तिथि को परिवार नियोजन दिवस का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में शनिवार को जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। वहीं, परिवार नियोजन अभियान को बढ़ावा देने के लिए जागरूक भी किया गया। इस दौरान परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन की विस्तृत जानकारी तथा इस साधन को अपनाने से होने वाले फायदे की जानकारी भी महिलाओं को दी गई। हालांकि, इस दौरान अस्थायी साधनों के वितरण के साथ साथ योग्य दंपतियों को नियोजन के स्थायी साधनों मसलन बंध्याकरण और नसबंदी के संबंध में भी प्रेरित किया गया। विशेषकर पुरुषों की भूमिका बढ़ाने के लिए उन्हें नसबंदी और बंध्याकरण के बीच के फायदों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

लाभार्थियों व उप्रेरक को दी जाती है प्रोत्साहन राशि : डीसीएम हिंमाशु सिंह ने बताया कि सभी एएनएम एवं आशा को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन के सभी सुविधाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में पुरुष नसबंदी का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 3000 रुपए व उत्प्रेरक को 400 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए व उत्प्रेरक को 300 रुपए, प्रसव उपरांत बंध्याकरण पर लाभार्थी को 3000 रुपए व उत्प्रेरक को 400 रुपए, प्रसव उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300 रुपए व उत्प्रेरक को 150 रुपए, गर्भपात उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300 रुपए व उत्प्रेरक को 150 रुपए, गर्भनिरोधक सुई (अंतरा) का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 100 रुपए व उत्प्रेरक को 100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

स्थायी और अस्थायी साधन को अपनाना परिवार नियोजन की ओर सबसे पहला कदम

सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, समाज के हर तबके के सभी परिवार को गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जीने के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना बेहद जरूरी है। तभी हम गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जी सकते हैं।, बच्चे को उचित परवरिश एवं अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। छोटा और सीमित परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना सबसे पहला कदम है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर के दौरान योग्य और सक्षम इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया गया है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्र के साथ जिले के चिह्नित हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर भी प्रत्येक माह के पहले बुधवार को परिवार नियोजन दिवस का आयोजन किया जाएगा।

खबरें फटाफट

30 व 31 जनवरी को बैंक रहेगा बंद

बलिया। रेलवे स्टेशन के समीप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ अन्य बैंक के कर्मचारियों ने बैंक के समीप प्रदर्शन किया। सेंट्रल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय मंत्री देवरिया इकाई के गोपाल सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन पांच मांगों को लेकर किया गया जिसमें सप्ताह में पांच बैंकिंग दिवस की शुरूआत, पिछले सेवा नियुक्त लोगों के लिए पेंशन का अद्यतन, शेष मुद्दों का संविधान, बेहतर ग्राहक सेवा सुरक्षित करने के लिए सभी वर्गों में पर्याप्त भर्ती, नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करें, वेतन संशोधन के मांगों के चार्टर पर बातचीत की तत्काल यह हमारी मांग है। यदि हम लोग की मांगे पूरी नहीं होती है तो 30 और 31 तारीख को अखिल भारतीय के बैनर तले बैंक हड़ताल करेगे।

ददरीघाट मार्ग से ओपियम फैक्ट्री का निर्माण शुरू

गाजीपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले दिनों किए गए 95 परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान एक प्रमुख काम ओपियम फैक्ट्री से ददरीघाट वाले बन्द रास्ते को खुलवाकर होने वाले ढक्कनयुक्त नाली व सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कार्य स्थल पर हो रहे कार्यों का औचक निरीक्षण करने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल अचानक मौके पर पहुँचकर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किए। विनोद अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान हो रहे कार्यों की बारीकी से अवलोकन करते हुए बताया कि मौके पर कार्य संतोषजनक पाया गया है। ईंटा, सीमेंट, बालू आदि उच्च गुणवत्तायुक्त थी। ऐसे में नालियों के हो रहे काम में भी काफी सफाई दिखी। उन्होंने मौके पर मौजूद ठीकेदार के सुपरवाइजर से भी वार्ता कर जानकारी ली एवं कार्यों की गुणवत्ता मानक अनुरूप ही कराने का निर्देश भी दिया।

100 वर्ष पुरानी अष्टधातु की मूर्ति चोरी

गाजीपुर। नंदगंज थाना क्षेत्र के धामूपुर धरवां स्थित मंदिर से चोरों ने लोगों की उपस्थिति में फिल्मी स्टाइल में करीब 100 वर्ष पुरानी अष्टधातु की लाखों रुपये की मूर्ति को चुरा ले गये। चोरों ने अष्टधातु मूर्ति के स्थान पर मिट्टी की मूर्ति रख दिया। ग्राम प्रधानपति सुरेन्द्र पासी ने थाना में मूर्ति चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे साल ओढ़े दो व्यक्ति बाइक से आए और हैंडपम्प पर हाथ पैर धोकर पूजा पाठ करने के लिए मंदिर के अंदर गए। मंदिर के बाहर आरती का बर्तन साफ कर रहें पुजारी तथा वहाँ पर बैठे दो तीन अन्य लोगों ने सोचा की पूजा कर रहे हैं। थोड़ी देर में मंदिर के भीतर से वह दोनों बाहर आए और बाइक चालू करके चले गए। वर्तन साफ करके जब पुजारी मंदिर के अन्दर गये तो देखा कि मूर्ति की जगह मिट्टी की मूर्ति रखी है।

फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ वोटरों से करें संपर्कः दूधनाथ यादव

केटी न्यूज/मऊ

- एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न
- सपा के जिलाध्यक्ष ने चुनाव को लेकर तैयारी तेज करने का किया आह्वान



बैठक में शामिल जनपद के कार्यकर्ता व नेता

एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का कोपागंज क्षेत्र के भातकोल मोड़ पर बैठक शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें विधान परिषद चुनाव स्नातक की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। सपा के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से विधान सभा घोसी के सभी सेक्टर अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गई कि सेक्टर वार सभी साथी मोटरसाइकिल अपने निजी साधन या पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए साधन से दौड़ा करके स्नातक चुनाव के वोटरों को घर घर जाकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें तथा पार्टी को जिताने में कोई कोर कसर न छोड़ें।

सभी से आह्वान किया गया कि चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दें। वोटर लिस्ट के साथ मतदाताओं से संपर्क करें और उनसे पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदातन कराने हेतु अनुरोध करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दूधनाथ पांडेय ने कहा कि विधान परिषद स्नातक चुनाव हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। भाजपा प्रत्याशी 20 साल से एमएलसी पद पर काबिज है लेकिन जनहित में कोई ऐसा कार्य नहीं किया है। जिसकी उपलब्धियों को गिनाया जा सके। जनता में भाजपा प्रत्याशी को लेकर काफी आक्रोश है। इसके विरोध में सभी जाति वर्ग के लोग समाजवादी पार्टी को वोट करने के लिए तैयार हैं। बस हम सभी का दायित्व बनता है कि वोट देने वाले बंधुओं से मिलकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवा दें। चुनाव जीतने पर जनपद का नाम ऊंचा होगा तथा एक एमएलसी के कमी से समाजवादी पार्टी को विधान परिषद में सरकार ने विपक्ष का दर्जा नहीं दिया है। उसकी भी भरपाई गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन जीतकर कराना है।

समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगा। मऊ ज़िला स्नातक चुनाव के प्रभारी चंद्र देव राम यादव करेली ने कहा कि कार्यकताओं के जोश खरोश और उत्साह को देखते हुए लग रहा है कि समाजवादी पार्टी यह चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी। बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरि चौहान, राष्ट्रीय कारकर्णी के सदस्य अल्ताफ अंसारी, पूर्व विधान परिषद सदस्य रामजतन राजभर, पूर्व ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव साधू, ज़िला महासचिव कुद्दूस अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार यादव, वीरेंद्र यादव लोहिया, शहजादे खान, अरशद रियाज, विधान सभा अध्यक्ष लालचंद यादव, वफाउल्लाह खान, खुरशीद खान, हबीब अहमद, विजय यादव, नेसार प्रधान, बन्ने खान, सीता राम कुशवाहा, मास्टर अनिल यादव,लालधर यादव, शिवचन राम,डॉक्टर अल्ताफ अंसारी पूर्व प्रधान, मंगरू मामा, विनोद यादव, पंकज राय, रणधीर सिंह, जफर अंसारी, महेंद्र यादव आदि नेता उपस्थित थे।

निमार्णाधीन मार्गों के लिए विभिन्न निधियों से शासन ने स्वीकृत की राशि

अच्छी खबर: 22 करोड़ रुपए की लागत से जिले के 12 मार्गों का पूरा होगा निर्माण

- मार्गों का निर्माण पूरा होने से लाखों की आबादी को फायदा होगा

केटी न्यूज/बलिया



शासन की ओर से अन्य जिला मार्ग, राज्य सड़क निधि और त्वरित आर्थिक विकास निधि से निमार्णाधीन 12 मार्गों के निर्माण को गति देने के लिए 22.05 करोड़ की धनराशि दी गई है। धन की कमी से इन मार्गों का निर्माण प्रभावित हो रहा था। अब निर्माण में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। इन मार्गों की निर्माण पूरा होने से लाखों की आबादी को फायदा मिलेगा। पिछले दो वर्षों के दौरान जनपद में कई मार्गों के निर्माण के लिए शासन की ओर से स्वीकृति दी गई है। इसमें कठिरिया गंगा घाट और सागरपाली-गंगहरा-थम्हनपुरा अन्य जिला मार्ग भी शामिल हैं। शासन की ओर से निर्माण के लिए कुछ किस्तों में धनराशि जारी की गई। इससे निर्माण कार्य शुरू किया गया था। धन की कमी के कारण पिछले दिनों से निर्माण कार्य बाधित चल रहा था। मार्गों का निर्माण पूरा करने और कार्यों को गति देने के लिए शासन की ओर से 22.05 करोड़ की धनराशि और जारी की गई। उक्त मार्गों का निर्माण पूरा होने से लाखों की आबादी को फायदा होगा। पीडब्ल्यूडी के जेई एके सिंह ने बताया कि जल्द कार्य में तेजी लाई जाएगी।

21.15 करोड़ से हो रहा राजेश्वर मोड़-फिरोजपुर मार्ग का निर्माणः एनएच-31 पर राजेश्वर मोड़ से दौलतपुर, फिरोजपुर होते हुए पतार-भरौली तक मार्ग का निर्माण 21.15 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। अभी तक 10.28 करोड़ मिले थे। इससे दौलतपुर, फिरोजपुर से आगे मरम्मत कर पिच कर दिया गया है। राजेश्वर मोड़ से दौलतपुर विद्यालय तक सड़क पर बने गड्ढे में गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। अब गिट्टी फिर उखड़ रही है। सड़क में गड्ढे बनने शुरू हो गए हैं।

अधूरा पड़ा गंगा घाट-कछिरिया मार्ग : गंगा घाट-कथरिया मार्ग का निर्माण 15.12 करोड़ की लागत से शुरू किया गया था। अब तक 7.56 करोड़ मिल चुके हैं। काम आधा अधूरा होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का चौड़ीकरण कर कथरिया से चौरा, पिपराकलां गांव के बीच तक पिच कर दिया गया है। इसके बाद बिना पिच किए ही छोड़ दिया गया है। लक्ष्मणपुर चट्टी से कथरिया जाने वाले लोगों को पिपरा कलां गांव के आगे तक गड्ढे में ही चलना पड़ रहा है। वहीं लक्ष्मणपुर चट्टी से पलिया खास गांव कुल्हाड़ियां जाने वाले लोगों को गड्ढे से होकर गुजरना पड़ रहा है।

गंगहरा-थम्हनपुरा मार्ग का निर्माण भी अधूरा : एनएच-31 पर सागरपाली-गंगहरा-थमहनपुरा मार्ग का चौड़ीकरण वर्ष 2020-21 में राज्य सड़क निधि योजना के तहत 22.61 करोड़ की लागत से शुरू किया गया था। इसमें 11.92 करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। आधा अधूरा कार्य कराया गया है। इस मार्ग से क्षेत्र के बघेजी, गंगहरा, थम्हनपुरा, इंदरपुर, भिखारीपुर कोट, अंजोरपुर, भिखारीपुर सहित लगभग दर्जनों गांव के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। मार्ग का भूमि पूजन पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया था। थम्हनपुरा से इंद्रपुर नई बस्ती तक लगभग एक किमी तक बना हुआ है।

इन मार्गों के लिए मिली धनराशि की स्वीकृति

- कथरिया-गंगा घाट ओडीआर मार्ग का चौड़ीकरण - 3.78 करोड़
- राजेश्वर मोड़, दौलतपुर-कारो-पतार-भरौली मार्ग - 5.28 करोड़
- गौरामदनपुर से इसारपीठा पट्टी मार्ग - 86.01 लाख
- डूहा बिहरा से दुबौली मार्ग - 35.67 लाख
- सागरपाली-गंगहरा-थम्हनपुरा ओडीआर मार्ग - 5.65 करोड़
- हनुमानगंज-बसंतपुर मार्ग से मिश्रौलिया-बरई टोला मार्ग - 84.57 लाख
- अहिरपुरवा-निधिवारी मुख्य नहर मार्ग - 53.76 लाख
- तिलकर मठिया-रामबारी-नवकापुर-चकिया मार्ग - 80.03 लाख
- डूहा-जंगली बाबा कुटी-कठौड़ा मार्ग - 46.28 लाख
- अतरौली-बभनार डेरा-महारानी भोरबाबा मार्ग - 1.60 करोड़
- अतरौली-करमौता मार्ग-बभनार-चौहान बस्ती-कुडसर मार्ग - 88.96 लाख
- पकवाइनार सिधागर घाट मार्ग से सिलहटा ड्रेनेज-धनईपुर मार्ग - 1.02 करोड़

एक नजर

ट्रक की टक्कर से पिकअप पलटी, 16 जख्मी



बलिया। नरहीं थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 16 महिलाएं घायल हो गई। सभी महिलाएं मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने उजियार गंगा घाट पर जा रही। इस बीच लक्ष्मणपुर चट्टी के आगे ट्रक पिकअप में टक्कर हो गई। जिसमें तीन को छोड़कर 16 महिलाएं घायल हो गई। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल महिलाओं को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने के लिए एनएच 31 पर वाहनों दबाव था। आधी रात को शुरू हुए हल्की बारिश सुबह तक जारी रहा। जिसके कारण सड़क पर फिसलन हो गया था। सुबह सवा आठ बजे फेफना थाना क्षेत्र के मरगूपुर गांव की महिलाएं एक पिकअप गाड़ी पर सवार होकर उजियार गंगा घाट स्नान करने जा रही थी कि जैसे ही पिकअप गाड़ी लक्ष्मणपुर चट्टी के आगे पहुंची की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे चला गया। इसके बाद चीख पुकार होने पर ग्रामीणों तथा पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। घायलों में अहिल्या 45 वर्ष, नीलम 48 वर्ष, माल्ती 55 वर्ष, माला सिंह 50 वर्ष, कमली देवी 50 वर्ष, सीता 60 वर्ष, रेनू सिंह 55 वर्ष, रिमा सिंह 43 वर्ष, सुशिला सिंह 45 वर्ष, ज्ञान्ती देवी 45 वर्ष, अंशिका 10 वर्ष, मीरा सिंह 50 व लक्ष्मी 48 वर्ष घायल हो गई। जहां चिकित्सकों ने कमली, रीमा,रेनू, अंशिका,माला,नीलम, सीता, लक्ष्मी व माल्ती को जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस घटना की जानकारी होने पर गांव के लोग बड़ी संख्या पर नरहीं अस्पताल पर पहुंच गए। वहीं नरहीं पुलिस भी घायलों को जिला चिकित्सालय भेजवाने में मदद करतीं रहीं। एक अन्य घटनाक्रम में चितबड़ागांव के धर्मा पुर में बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान करने जा रही गाजीपुर जिले की उर्मिला 45 वर्ष बोलेरो के टक्कर से घायल हो गई इनको भी सीएचसी नरहीं पहुंचाया गया।

धूमधाम से मना इंस्टीट्यूट का वार्षिकोत्सव



गाजीपुर। श्री ठाकुर जी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट बरहपुर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। साथ ही विद्यालय के संस्थापक स्व. गोपाल सिंह की 16वीं पुण्यतिथि भी मनाई गई। इस मौके पर छात्राओं ने गीत-संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं ने लोकगीत, भक्ति गीत, नृत्य और एकांकी की प्रस्तुतियो से सराहना लूटी। बसंत गीत, राजस्थानी गीत व शिव तांडव स्त्रोत सहित अन्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके साथ ही अतिथियों ने स्व. गोपाल सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रवाद से प्रेरित कार्यक्रम देखकर मन हर्षित हो उठा है। बच्चों में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही पल्लवित पुष्पित हो सकती है। कार्यक्रम की संयोजक त्रिभुवन सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान पति मुन्ना सिंह , राम विजय यादव ,हरिनाथ सिंह,राहुल यादव,बुलबुल सिंह, उदय नारायण यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन विजय शंकर यादव ने तथा प्रबंधक मोती सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कृषि उपनिदेशक ने फसल का लिया जायजा



मऊ। कृषि उपनिदेशक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने शनिवार को कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा लाडपुर ग्रामसभा स्थित लाइन सोविंग किसानों की गेहूं की फसल का जायजा लिया। वहीं, किसानों को रासायनिक उर्वकर को खेतों में कम डालने तथा अच्छी फसल उपजाने के लिए उपाय बताए। कहा कि ज्यादा रासायनिक उर्वरक डालने से खेत की उर्वरता खत्म हो जाती है। वहीं खाद्य पदार्थ भी नुकसान पहुंचाते हैं। कृषि उपनिदेशक ने कहा कि एक बीघे में 20 से 25 किग्रा एरिया सिर्फ डालें, एक एकड़ में सिर्फ 40 किग्रा इसके साथ माइक्रो न्यूट्रीयमस डालने से फसल की उपज अच्छी होगी और खेत की उर्वरता भी ठीक रहेगी। कहा कि यूरिया की जगह 15 लीटर पानी मे एक किलो गो मूत्र तथा एक किलो गुड़ के साथ मिश्रण कर छिड़काव कर दे। कहा कि एक तरफ यूरिया वाले खेत दूसरी तरफ मिश्रण का छिड़काव करके देखें आप खेतो में यूरिया डालना छोड़ देंगे। अगर गौमूत्र के मिश्रण से फसलों पर छिड़काव करेंगे तो वह सेहत के लिए अच्छा रहेगा। वहीं खेत की उर्वरता भी बढ़ जाएगी। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक आत्मा धीरेंद्र कुमार राय, राजीव कुमार यादव, कृषक अश्वनी कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, नन्द किशोर सिंह, राणा प्रताप सिंह, राजकुमार गोड़ आदि उपस्थित रहे।

जनपद में अवैध अस्पतालों की जांच को त्रिस्तरीय कमेटी गठितः सीएमओ

बलिया। जनपद के चट्टी चौराहे पर नियमों को ताक पर रखकर बिना पंजीकरण के निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है। सीएमओ ने अवैध अस्पतालों पर शिकंजा कसने के लिए डा. सर्वेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच कमेटी गठित की है, जो अपंजीकृत और अमानक निजी अस्पतालों की जांच करेंगी।

अवैध अस्पतालों में झोलाछाप और कर्मचारी इसमें काम करते हैं। वह मरीजों के जान के दुश्मन बने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फैले इनके एजेंट कमीशन के चक्कर में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बरगला कर लाते हैं। हालत खराब होने पर मरीज को उसी हालत में छोड़कर भाग जाते हैं। अब इन पर कार्रवाई होगी। सीएमओ कार्यालय के आसपास ही दर्जनों की संख्या में निजी अस्पताल संचालित हैं। जिले में करीब 160 निजी अस्पताल और क्लीनिक सीएमओ कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसमें एक दर्जन से ऊपर शहर में ही है। पिछले छह माह में अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान हालात खराब होने पर तीन से चार प्रसुताओं की मौत हो चुकी है। नगरा थाना में जुलाई और अगस्त में दो प्रसूता की मौत मामले में स्वजनों के हंगामा पर जिलाधिकारी ने अस्पताल संचालक और चिकित्सक पर जांच के बाद कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसमें सभी फरार चल रहे हैं।

छात्रों ने शिक्षकों को बनाया बंधक

केटी न्यूज/बलिया



खिड़की के झांकते शिक्षक

बैरिया शिक्षा क्षेत्र के दुर्जनपुर कम्पोजिट विद्यालय में छात्रों ने सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। इससे शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कक्षा 8वीं में पढ़ने वाला छात्र धीरज ने बताया कि कोविड काल में मिलने वाले मध्याह्न भोजन के पैसे अभी तक किसी भी छात्रों को नहीं मिल पाया है, जिसकी शिकायत उन्होंने कई बार प्रधानाध्यापक से की, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी कारण शुक्रवार को उन्होंने प्रधानाध्यापक के साथ अन्य शिक्षकों को बंधक बना लिया है।

वहीं, दुर्जनपुर कम्पोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश यादव ने बताया कि चौथे चरण का बच्चों का पैसा नहीं मिलने के कारण सभी अध्यापकों को ताले में बंद कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर दुर्जनपुर ग्राम प्रधान रूपा सिंह के प्रतिनिधि गुड्डू सिंह मौके पर पहुंचे। आश्वासन पर बच्चों ने शिक्षकों को बंधन से मुक्त किया। इस दौरान बैरिया खंड शिक्षा अधिकारी पंकज मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। अगर ऐसा है तो सभी बच्चों का पैसा भिजवाया जाएगा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. स्वामीनाथ सिंह जी की 45 वीं पुण्यतिथि पर वामी नाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे स्व. स्वामीनाथ सिंह

केटी न्यूज/बलिया



श्रद्धांजलि सभा में संबोधन करते अतिथि व अन्य

जनपद के काजीपुर क्षेत्र के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी की 45 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वामी नाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी, विशिष्ट अतिथि स्वामी आनंद स्वरूप अध्यक्ष शंकराचार्य पीठ, विवेक सिंह, अनंत मिश्रा, शिवजी यादव त्यागी, अरविंद पांडेय, डॉ विद्यासागर उपाध्याय की गरिमामय उपस्थिति रही। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सकीना खातून द्वारा श्रद्धांजलि गीत 21 जनवरी आज हुए पुण्यतिथि गीत पर सभागार में उपस्थित सभी लोगों के आंखों में आंसू भर आए। अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा हुई।

कार्यक्रम में डॉ. विद्यासागर ने स्व. स्वामीनाथ सिंह जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूरे जीवन स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी सादा जीवन उच्च विचार के धनी रहे और उन्होंने मां भारती की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सबसे आगे हमेशा रहे। अपने जमाने के कद्दावर नेता रहे ठाकुर शिवमंगल सिंह जी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चुनाव में भारी अंतर से हराया था। वह आजीवन अपने ग्राम सभा के ग्राम प्रधान रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी साहब ने सर्व समाज को यह आह्वान किया कि यदि हम स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी के दिखाए गए मार्ग पर चलने का काम करते हैं तो उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी, हमें अपने जीवन में दूसरों के प्रति ईमानदार रहना होगा समाज के प्रति सचेत रहना होगा और अपनी मिट्टी से जुड़ाव रखना होगा तब कहीं जाकर हम पुनः जैसा स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी का सपना था वैसा समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने इस महाविद्यालय को क्षेत्र के उच्च स्तरीय शिक्षण कार्य के लिए महाविद्यालय परिवार को साधुवाद दिया, उच्च स्तर के शैक्षणिक कार्य के परिणाम स्वरूप महाविद्यालय प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय स्तर पर अपना स्थान रखता है, जो महाविद्यालय तथा क्षेत्र के लिए गौरव पूर्ण बात है इसके लिए उन्होंने सभी को साधुवाद दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि स्वामी आनंद स्वरूप जी संबोधित करते हुए स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी को क्षेत्र तथा जिले का मालवीय बताते हुए उन्होंने बताया कि स्वर्गीय स्वामीनाथ सिंह जी ने कई विद्यालयों की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई।